# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनांक 23.10.2025

### 1. थाना जारचा पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वाँछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध शस्त्र व बिना नंबर प्लेट की स्विफ्ट कार बरामद।

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **23.10.2025** को **थाना जारचा पुलिस** द्वारा मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से हत्या के अभियोग में वाँछित अभियुक्त निखिल बरहेला पुत्र जितेन्द्र को ग्राम आनन्दपुर पुलिया से खटाना की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा, 02 जिंदा कारतूस .315 बोर व 01 कार स्विफ्ट बिना नंबर प्लेट बरामद की गई है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण--**

दिनांक 20.10.2025 को थाना जारचा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सैंथली में नाली के पानी को लेकर हुए विवाद में अजयपाल व दिपांशु की गोली मारकर हत्या करने के संबंध में वादी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया था, जिसमें अभियुक्त निखिल बरहेला उपरोक्त वाँछित था। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--**

निखिल बरहेला पुत्र जितेन्द्र निवासी ग्राम कोट गांव, थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर, उम्र 25 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--**

मु0अ0सं0- 177/2025 धारा 103(1)/109(1)/115(2)/352/351(2) बीएनएस, थाना जारचा, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण--**

1. 01 तमंचा, 02 जिंदा कारतूस .315 बोर
2. 01 कार स्विफ्ट बिना नंबर प्लेट